अक्टूबर 2021

ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करना या ऑस्ट्रेलिया वापस लौटना

यात्रियों के लिए जैव सुरक्षा जानकारी

DON'T BE 'SORRY'
JUST DECLARE IT

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने सख्त जैव सुरक्षा कानून बनाए हैं। ये ऑस्ट्रेलिया के कृषि और अनन्य पर्यावरण और वन्य जीवों को खतरनाक कीटों और जानवरों तथा बीमारियों से बचाने के लिए हैं।

ऑस्ट्रेलिया पहुंचने से पहले

अपनी इनकमिंग यात्री घोषणा को पूरा करें। कानूनन, आपको कुछ खाद्य-पदार्थ, पौधों की सामग्री और पशु उत्पादों सहित सभी जोखिम वाले सामान की घोषणा करनी चाहिए। इसमें व्यावसायिक रूप से तैयार और पैक किए गए उत्पाद, ताजा, सूखे, पके हुए, फ्रोज़न या कम मात्रा में भोजन, स्नैक्स और खाना पकाने के लिए सामग्री शामिल हैं।

खाने की चीजें विमान या जहाज के बाहर न ले जाएं।

जब आप ऑस्ट्रेलिया पहुंचें

- इमिग्रेशन कलीयरेंस की प्रक्रिया से गुजरें।
- अपना सामान लें।
- जैव सुरक्षा निरीक्षण के लिए आगे बढ़ें और अपनी इनकमिंग यात्री घोषणा और जो सामान आप जैव सुरक्षा अधिकारी को घोषित कर रहे हैं उसे प्रस्तुत करें।
- आपके बैग की जांच जैव सुरक्षा अधिकारी, एक डिटेक्टर कुत्ते या एक्स-रे द्वारा की जा सकती है, भले ही आप किसी भी जोखिम वाले सामान की घोषणा न करें।

यदि आप जोखिम वाली वस्तुओं की घोषणा नहीं करते हैं तो क्या होगा

यदि आप जैव सुरक्षा अधिकारी को या अपनी इनकमिंग यात्री घोषणा में झूठी या भ्रामक जानकारी प्रदान करते हैं, या यदि सामान के बारे में सवालों के जवाब नहीं दे पाते हैं या जैव सुरक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो आप पर निम्नलिखित कारवाई की जा सकती है:

- A$2,664 तक की जुर्माना राशि वाला एक उल्लंघन नोटिस दिया जा सकता है
- नागरिक दंड कारवाई की जा सकती है और/या
- आपराधिक अपराध का मुकदमा चलाया जा सकता है। यदि आपको दोषी ठहराया जाता है, तो आप पर अधिकतम A$1.1 मिलियन का जुर्माना लगाया जा सकता है और/या 10 साल तक की कैद हो सकती है।

आपका वीज़ा भी रद्द किया जा सकता है और यदि ऐसा होता है, तो आपको ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने से मना कर दिया जाएगा।

यदि आप सभी सामानों की घोषणा करते हैं और उन्हें प्रस्तुत करते हैं, तो आपको *जैव सुरक्षा अधिनियम 2015* के तहत दंडित नहीं किया जाएगा, भले ही उन सामानों को ऑस्ट्रेलिया लाने की अनुमति न हो।

ऑस्ट्रेलिया में सामान लाया जा सकता है या नहीं, इसकी जाँच कैसे करें

awe.gov.au/bringing-goods पर जाएं।

विशिष्ट आयात शर्तों या दस्तावेज़ीकरण आवश्यकताओं के लिए, **awe.gov.au/bicon** पर जैव सुरक्षा आयात शर्त प्रणाली (BICON) पर जाएं। यदि आपको आयात परमिट की आवश्यकता है, तो ऑस्ट्रेलिया में सामान लाने से पहले आपको उसके लिए आवेदन करके उसे प्राप्त करना होगा।

यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं, तो भोजन, पौधों की सामग्री और पशु उत्पाद न लाएं।

अधिक जानकारी के लिए
1800 900 090 पर फ़ोन करें या
imports@awe.gov.au पर ईमेल करें।

यदि आने के बाद आपको जैव सुरक्षा जोखिम दिखे तो क्या करें

अगर सामान खोलने पर आपको जीवित जानवर, कीड़े, मिट्टी, पौधों की सामग्री या अन्य जोखिम वाली वस्तुएं मिलती हैं, तो **1800 798 636** पर फ़ोन करें। आपको दंडित नहीं किया जाएगा।

आपके द्वारा घोषित सामान का क्या होता है

एक जैव सुरक्षा अधिकारी आपके प्रस्तुत सामान का निरीक्षण करेगा और अधिक जानकारी या दस्तावेज़ मांग सकता है।

यदि सामान की अनुमति है और वे निरीक्षण में पास होते हैं, तो वे आपको वापस कर दिए जाएंगे। यदि सामान निरीक्षण में पास नहीं होते हैं, तो आपको सामान का रखरखाव करने, ऑस्ट्रेलिया से निर्यात करने या नष्ट करने के लिए भुगतान करना पड़ सकता है। जैव सुरक्षा अधिकारी आपको इस पर सलाह देंगे।

आपके लिए कुछ खाद्य-पदार्थ, पौधों की सामग्री और पशु उत्पादों की घोषणा करना आवश्यक है। यहां कुछ उदाहरण दिए गए हैं, लेकिन याद रखें कि यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं, तो बस उसे घोषित करें!

डेयरी और अंडा उत्पाद

- इंफेंट फार्मूला
- पनीर, दूध और दही
- साबुत, सूखे और पाउडर अंडे
- मेयोनीज़
- नूडल्स और पास्ता

पौधों की सामग्री

- जीवित पौधे
- बीज, बल्ब और कटिंग
- ताजे और सूखे फूल
- शिल्प और आभूषण
- लकड़ी का सामान

भोजन

- भोजन
- विमान या जहाज में दिया गया भोजन
- कच्चा और पका हुआ भोजन और सामग्री
- चावल
- पैकेज किया गया भोजन
- शहद
- हर्बल चाय और दवाओं सहित जड़ी बूटियां और मसालें

फल और सब्जियाँ

- ताजे और फ्रोज़न
- संरक्षित और सुखाए हुए

मांस, पोल्ट्री और समुद्री भोजन उत्पाद

- ताजा, सूखे, फ्रोज़न, पके हुए, स्मोक्ड, नमकीन या संरक्षित

जानवरों के लिए भोजन और उपकरण

- पालतू पशु भोजन और अल्प आहार
- दवा
- काठी
- पशु चिकित्सा, पशुओं को संवारने, उनके बाल काटने और मधुमक्खी पालन में उपयोग किए जाने वाले उपकरण

जीवित पशु और पशु उत्पाद

- अंडे और घोंसले
- पंख, हड्डियां, सींग, खाल, पशु फर और बाल
- भरवां जानवर और पक्षी
- शंख और मूंगा
- मधुमक्खी के छत्ते का मोम और अन्य उत्पाद

नट, बीज, फलियां और अनाज

आउटडोर, कैम्पिंग और खेल उपकरण और जूते

- लंबी पैदल यात्रा के जूते
- मछली पकड़ने के उपकरण
- कुछ भी जो मिट्टी, बीज या पानी से दूषित हो सकता है

अन्य सामान

निम्नलिखित सामान जैव सुरक्षा जोखिम नहीं हैं:

- मादक पेय और सिगरेट
- इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (लैपटॉप, टैबलेट, फ़ोन और कैमरे सहित)
- मूल्यवान वस्तुएँ (आभूषण, घड़ियाँ और मुद्रा सहित)।

इन आयातों को गृह मामलों के विभाग द्वारा नियंत्रित किया जाता है और सामान रिलीज़ किए जाने से पहले इन सामानों का निरीक्षण और निकासी करने की आवश्यकता हो सकती है। सीमा से इन सामानों की निकासी और आयात शुल्क और करों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, **homeaffairs.gov.au** पर जाएँ।

ओवर-द-काउंटर या प्रिस्क्रिप्शन वाली दवाओं और अन्य चिकित्सीय सामानों के लिए, **tga.gov.au** पर थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन से संपर्क करें।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों पर कन्वेंशन (CITES), के तहत सूचीबद्ध पौधों और जानवरों की प्रजातियों की आवाजाही के बारे में जानकारी के लिए, जिसमें शार्क फिन, सांप का चमड़ा, हाथी दांत, कछुए का खोल और दुर्लभ ऑर्किड शामिल हैं, **awe.gov.au/biosecurity-trade/wildlife-trade/non-commercial** देखें।

फ़ोन 1800 900 090 या
+61 3 8318 6700 (ऑस्ट्रेलिया के बाहर से)

awe.gov.au/travelling

Facebook: Australian Biosecurity
Twitter: @DeptAgNews

© ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रमंडल 2021
प्रकाशन के समय इस फैक्टशीट में दी गई जानकारी सही है।
जैव सुरक्षा आयात की शर्तें बिना किसी सूचना के बदल सकती हैं।

ABIO258.1021